राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम का आसिया ब्राउन बोवेरी के साथ सहयोग

3006. **श्री राम जेठमलानी:**
श्री रणजीत सिंह:

क्या **विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री 10 मार्च, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1999 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और आसिया ब्राउन बोवेरी, स्विटजरलैण्ड के बीच लाभ की भागेदारी की प्रतिशतता को भी अंतिम रूप दे दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस विदेशी कंपनी द्वारा विदेश निर्मित संयंत्रों और उपकरणों के अलावा भारतीय परियोजनाओं के निर्माण में कितने प्रतिशत विदेशी मुद्रा का निवेश किया जायेगा?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ): (क) से (ग) विद्युत क्षेत्र में निजी-क्षेत्र भागीदारी के लिए भारत सरकार की नई नीति के अन्तर्गत विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु मै० ए०बी०बी० तथा राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के बीच प्रस्तावित संयुक्त उपक्रम के अन्तर्गत इक्विटी में हिस्सेदारी, आपूर्ति के स्रोतों तथा विद्युत पोषण आदि समेत रूपात्मकताएं तथा ब्यौरों की अभी निर्धारण किया जाना है।

उत्तर प्रदेश के लिए विद्युत की आपूर्ति

3007. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश के लिए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति किए जाने के संबंध में कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस उद्देश्य को किस तरह से प्राप्त किया जाएगा?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी अंतिम रूप दिया जाना है तथापि विद्युत सम्बन्धी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार आठवीं योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में 2532.5 मे०वा० क्षमता जोड़े जाने की परिकल्पना की गई है। इसके अतिरिक्त उत्तरी क्षेत्र में केन्द्रीय क्षेत्र के अधीन स्थापित किए जा रहे विद्युत केन्द्रों से भी राज्य को इसके समुचित हिस्से की विद्युत भी प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश में विद्युत की उपलब्धता में बढ़ोतरी किए जाने के लिए किए जा रहे अन्य विभिन्न उपायों में ये शामिल हैं; विद्यमान विद्युत उत्पादन केन्द्रों से ईष्टतम विद्युत उत्पादन करना, विद्युत उत्पादन केन्द्रों के नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यक्रम को क्रियान्वित करना, पारेषण एवं वितरण सम्बन्धी हानियों की मात्रा को कम करना, प्रभावी भार प्रबन्धन, ऊर्जा संरक्षण आदि। जब कभी भी प्रणालीगत परिस्थितियाँ इस प्रकार के विद्युत अन्तरण के अनुकूल होती हैं तो पड़ौसी प्रणाली से भी उत्तर प्रदेश की सहायता की जाती है।

Joint Meeting of State Power Ministers

3008. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) whether a joint meeting of State Power Ministers has been called for during April, 1992; and

(b) if so, what are the details thereof togetherwith the issues to be discussed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENETIONAL ENERGY SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): (a) and (b) A Conference of the Power Ministers of States is scheduled to be held in New Delhi on the 4th April. 1992.